Title: Need to provide financial assistance to the Government of Uttar Pradesh for early completion of Kanhar Irrigation Project in Sonbhadra district.

श्री राम शक्ल (राबट्र्सगंज) : सभापति महोदया मेरे संसदीय क्षेत्र राबट्र्सगंज, उ.प्र., जनपद सोनभद्र में भारत सरकार ने सिंचाई की दृटि से कनहर परियोजना र्वा 1980 में प्रारम्भ हुई जिसमें पचासों करोड़ रुपया भारत सरकार का खर्च हो चुका है किन्तु धनाभाव के चलते विगत 10 र्वा में से काम रुका पड़ा है। मशीनों में जंग लग रहा है। उक्त कनहर परियोजना से उत्तर प्रदश का जनपद सोनभद्र, बिहार एवं मध्य प्रदेश प्रांत का अधिकांश हिस्सा सिंचित होगा, लाखों एकड़ जमीन सिंचित होगी।

वर्तमान समय में कनहर परियोजना की लागत तीन सौ करोड़ रुपया है। धनाभाव के चलते इस परियोजना का काम रुका पड़ा है।

मेरी भारत सरकार से मांग है कि किसानों के हित में कनहर परियोजना पर कम से कम एक किस्त में सौ करोड़ रुपया उपलब्ध करायें जिससे निर्माण कार्य प्रारम्भ हो सके।